संख्या—पी—161 / 14—2—2018—800 (160) / 2018

प्रेषक,

आशीष तिवारी,
विशेष सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

मुख्य वन संरक्षक (केन्द्रीय)
भारत सरकार, पर्यावरण,, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
क्षेत्रीय कार्यालय, केन्द्रीय भवन
पंचम तल सेक्टर एच, अलीगंज विस्तार
लखनऊ।

वन एवं वन्य जीव अनुभाग—2 **लखनऊ, दिनांक** 21 दिसम्बर **, 2018**

विषयः— अमरोहा में एन0एच0 24 (न्यु एन0एच0—09) किमी0 126 (चैनेज 125.732 एल0एच0एस0) की बायीं पटरी पर ग्राम—नारंगपुर के गाटा सं0—41 पर एस्सार ऑयल लि0 (वर्तमान में नयारा एनर्जी लि0 नोयडा) द्वारा विकसित किये जा रहे रिटेल आउटलेट के सम्पर्ग मार्ग निर्माण हेतु 0.245113 हे0 संरक्षित वनभूमि का बिना वृक्ष पातन के गैर वानिकी प्रयोग की अनुमति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कृपया मुख्य वन संरक्षक / नोडल अधिकारी के पत्र संख्या—678 / अमरोहा / 30135 / 2017, दिनांक 27—10—2018 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि अमरोहा में एन0एच0 24 (न्यु एन0एच0—09) किमी0 126 (चैनेज 125.732 एल0एच0एस0) की बायीं पटरी पर ग्राम—नारंगपुर के गाटा सं0—41 पर एस्सार ऑयल लि0 (वर्तमान में नयारा एनर्जी लि0 नोयडा) द्वारा विकसित किये जा रहे रिटेल आउटलेट के सम्पर्ग मार्ग निर्माण हेतु 0.245113 हे0 संरक्षित वनभूमि का बिना वृक्ष पातन के गैर वानिकी प्रयोग की अनुमति का प्रस्ताव अपने स्तर से परीक्षण करने के उपरान्त शासन को उपलब्ध कराया गया है। प्रस्ताव के अनुसार उक्त प्रयोजन हेतु मांगी गयी वनभूमि न्यूनतम है और इसके अतिरिक्त अन्य कोई वैकल्पिक भूमि उपलब्ध नहीं है। चूँकि प्रश्नगत कार्य जनहित में किया जा रहा है, अतएव प्रश्नगत वनभूमि को गैर वानिकी प्रयोग के लिये दिये जाने में विभाग को कोई आपत्ति नहीं है। नोडल अधिकारी द्वारा प्रस्तुत उक्त प्रस्ताव से शासन सहमत हैं।

2— अतएव उक्त प्रस्ताव मूल रूप में (एक प्रति) संलग्न कर प्रेषित करते हुये मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया वन (संरक्षण) अधिनियम,1980 के प्राविधानों के तहत स्वीकृति प्रदान करने का कष्ट करें।

संलग्नकः— यथोपरि।

भवदीय,

(आशीष तिवारी)
विशेष सचिव।

संख्या—पी—161(1) / 14—2—2018—तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

1— वन संरक्षक, मुरादाबाद।
2— जिलाधिकारी अमरोहा।
3— प्रभागीय निदेशक, सा0वा0 वन प्रभाग, अमरोहा।
4— डिवीजन मैनेर मै0 न्याया एनर्जी लि0 2314—तृतीय तल टावर ए द कोरिसिंथम ए—41 से062 नोएडा।
5— गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(मनोज कुमार सिंह)
अनु सचिव।